**<u>अधिसूचना 14</u>**

**स्पाइसेस बोर्ड**

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
सुगंध भवन ,एन एच बै-पास, पी बी नं:2277
पालारिवट्टम पी ओ.,कोच्ची - 682025
वेबसाइट :http://www.indianspices.com

**<u>निम्नलिखित पदों के लिए दिव्यांग व्यक्तियों (पी डब्लयू डी) से आवेदन आमंत्रित करता है:</u>**

**[नोट: "सरकार एक ऐसे कार्यबल की भरसक कोशिश करती है जो लिंग-संतुलन प्रतिबिंबित करता है और महिला उम्मीदवारों को आवेदन हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।"]**

**<u>1. वैज्ञानिक बी (रसायन विज्ञान)</u>**

| | |
|---|---|
| पद की संख्या | **1[एक]** |
| श्रेणी | अनारक्षित(अस्थि विकलांग) (एक हाथ / एक पैर) |
| **योग्यताएँ** | |
| अ)अनिवार्य | 1. मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से 10 में न्यूनतम 7 ओ जी पी ए या 70% अंक के साथ रसायन विज्ञान (सैद्धान्तिक रसायन विज्ञान/अनुप्रयुक्त रसायन विज्ञान/ विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान/जैव रसायन विज्ञान/ प्राकृतिक उत्पाद रसायन विज्ञान) में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>2. कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी और विंडोज़/ लिनक्स ओपेरेटिंग सिस्टम, वेर्ड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रॉनिक वर्कशीट, इ-मेल आदि में कार्यसाधक ज्ञान सहित कंप्यूटर साक्षरता |
| आ) वांछनीय | रसायन विज्ञान के उपरोक्त किसी भी विद्याविशेष में डाक्टरी<br>**या**<br>कृषीय उत्पादों के गुण नियंत्रण के क्षेत्र में तीन साल का अनुसंधान अनुभव |
| तैनाती का स्थान | भारत में कहीं भी |
| आयु | 17-07-2017 को 35 वर्ष से अधिक न हो। |

| | |
|---|---|
| वेतनमान | पी बी 3 रु. 15600-39100 + जीपी रु.5400 |

**आवेदन शुल्क और भुगतान का तरीका :** दिव्यांग उम्मीदवारों (पी डब्लयू डी) से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**चयन का तरीका**

चयन प्रक्रिया बहु चरणों की परीक्षाओं के ज़रिए होगी। {वस्तुनिष्ठ परीक्षा (एम सी क्यू) एवं/या निबंधात्मक तरीके जिसके बाद संघ चर्चाएँ और/अथवा प्रस्तुतियां और/अथवा साक्षात्कार}। व्यावहारिक परीक्षाएं भी चलाई जा सकती हैं।

**आयु में ढील निम्नानुसार होगी :**

अ) दिव्यांग उम्मीदवारों केलिए सरकारी नियमों के अनुसार आयु में ढील

आ) उन सभी उम्मीदवारों को, जो 01/01/80 से 31/12/89 तक की अवधि के दौरान मूल रूप से जम्मू व कश्मीर के निवासी थे, उच्च आयु सीमा में 5 साल की ढील दी जाती है।

**परीक्षा केंद्र :**

| |
|---|
| श्रीनगर, जोधपुर, अहम्मदाबाद, गुंटूर, गान्तोक, गुवाहटी, शिमला, पणजी, रायपुर, रांची, इटानगर, पटना, चंडीगढ़, भोपाल, मुंबई, इंफाल, शिलांग, ऐज़ल, कोहिमा, भुवनेश्वर, अगरतला, लखनऊ, देहरादून, कोलकोत्ता, तिरुवनंतपुरम, चेन्नई, बंगलुरु, हैदराबाद। |

**आवेदन कैसे करें**

आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

ऑफलाइन तरीके से आवेदन करने इच्छुक उम्मीदवार आवेदन का निर्धारित प्रपत्र निम्नलिखित लिंक से डाउन्लोड कर सकते हैं:-
http://indianspices.com/sites/default/files/applicationformat.pdf

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने केलिए वेबलिंक निम्नानुसार है:
http://112.133.204.82/sb_application_2017/

**ऑन लाइन आवेदन की अंतिम तारीख 30-06-2017 है।**

आवेदन(नों) की हार्ड कोपी डाक द्वारा स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू व कश्मीर राज्य का लद्दाख संभाग, हिमाचल प्रदेश के स्पीती जिला और चंबा जिले का पांगी उप-संभाग, आंन्डमान व निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप के निवासी उम्मीदवारों को छोड़कर) **17-07-2017** है।

असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू व कश्मीर राज्य का लद्दाख संभाग, हिमाचल प्रदेश का स्पीती जिला और चंबा जिले का पांगी उप-संभाग, आंन्डमान व निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप के उम्मीदवारों से आवेदन(नों) की हार्ड कोपी डाक द्वारा स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि **31-07-2017** है।

*उम्मीदवार अपना आवेदन (ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के मामले में उम्मीदवारों द्वारा आवेदन के प्रिंट आउट पर हस्ताक्षर करके) संगत समर्थक दस्तावेज़ (शैक्षिक योग्यता, आयु का प्रमाण, अनुभव आदि से संबन्धित), विकलांगता प्रमाणपत्र की प्रति लिफाफे में, जिसके ऊपर " वैज्ञानिक बी (रसायन विज्ञान) पद केलिए आवेदन " लिखा गया हो,* **सचिव, स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन ,पालारिवट्टम पी.ओ., कोच्ची-682025 ,केरल'** *के पते पर भेज दें।*

**उपरोक्त पद केलिए भर्ती परीक्षाओं की तारीखें जल्दी सूचित की जाएंगी ।**

सचिव

दिनांक: 12-05-2017
स्थान : कोच्ची

**नोट :**
पी डब्लयू डी - अपंगता वाले व्यक्ति(दिव्यांग व्यक्ति)

**<u>उम्मीदवारों केलिए सूचना</u>**

1. बिना समर्थक दस्तावेज़ के आवेदनों और निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर

विचार नहीं किया जाएगा।

2. आवेदन करने से पूर्व, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उस पद की पात्रता-शर्तों को पूरा करते हैं।

3. उम्मीदवारों को स्पाइसेस बोर्ड से सूचना प्राप्त करने हेतु अपनी इ-मेइल आई डी और मोबाइल नंबर सक्रिय रखने की सलाह दी जाती है।

4. लिखित परीक्षा का केंद्र, एक बार प्रस्तुत किए जाने के बाद बदला नहीं जा सकता और अत: इसे सावधानीपूर्वक चुन लिया जाना है।

5. परीक्षा केन्द्रों का आबंटन स्पाइसेस बोर्ड के निर्णयानुसार किया जाएगा बशर्तेकि संबन्धित परीक्षा केंद्र चुने हुए उम्मीदवार पर्याप्त संख्या में हों। पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार न होने पर किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने का अधिकार स्पाइसेस बोर्ड रखता है।

6. अपनी पहचान, आयु, पता, योग्यता, अनुभव, समुदाय, दिव्यांग श्रेणी आदि के प्रमाण केलिए उम्मीदवारों को प्रमाणपत्रों के सत्यापन के दौरान मूल दस्तावेज़ प्रस्तुत करनी होंगी।

7. चयन की किसी भी स्थिति में किसी उम्मीदवार के पात्रता-मानदंडों को पूरा न करने और/या उसके द्वारा किसी गलत/झूठी सूचना प्रस्तुत किए जाने या किसी वास्तविक तथ्य(तथ्यों) को छिपाने का पता लगने के मामले में उसकी उम्मीदवारी रद्द हुई मानी जाएगी। यदि इन कमियों से किसी का पता नियुक्ति के बाद में भी लग जाता है तो उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है।

8. पात्रता, परीक्षा का आयोजन, विस्तृत परीक्षा और चयन से संबन्धित सभी मामलों में स्पाइसेस बोर्ड के निर्णय अंतिम होंगे और ये सभी उम्मीदवारों पर लागू होंगे। इस संबंध में बोर्ड द्वारा कोई भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. इस रिक्ति अधिसूचना एवं/या इसकी प्रतिक्रिया बतौर प्राप्त आवेदन, परीक्षा आदि से उत्पन्न दावा या विवाद के मामले में कोई भी कानूनी कार्रवाई केवल कोच्ची में ही चलाई जाएगी और केवल कोच्ची की अदालत में ही किसी भी मुकदमा/विवाद पर विचार करने का एकल और अनन्यतः न्यायाधिकार होगा।

10. किसी भी प्रकार का अनुयाचन अयोग्यता होगी।

11. आयु, शैक्षिक योग्यताएँ, अनुभव आदि के संबंध में आवेदकों की पात्रता, जैसे कि 17-07-2017 को है, उसीके अनुसार निर्धारित की जाएगी। किसी भी विद्याविशेष/क्षेत्र में अनुभव की अवधि की, जहां कहीं निर्धारित है, संबन्धित पद

केलिए निर्धारित अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने की तारीख के बाद ही गणना की जाएगी।

12. अगर किसी मामले में आवेदक को निर्धारित योग्यता केलिए अपेक्षित श्रेणी या % अंक या सी जी पी ए/ ओ जी पी ए नहीं है , तो (उसी विद्याविशेष पर) उच्च स्तर की योग्यता में प्राप्त श्रेणी या % अंक या सी जी पी ए/ ओ जी पी ए पर, यदि है तो, विचार किया जाएगा, अगर वह आवश्यकता की पूर्ति करती है।

13. आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख में बदलाव (यदि कोई है तो), लिखित परीक्षा की तिथि व स्थान और लिखित परीक्षा/साक्षात्कार आदि के परिणाम बोर्ड की वेबसाइट www.indianspices.com में प्रकाशित किए जाएंगे। अधिक जानकारी एवं अद्यतन सूचना केलिए आवेदकों को नियमित रूप से www.indianspices.com देखने की सलाह दी जाती है।

14. सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत आवेदकों को अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना चाहिए और चयन के अंतिम चरण के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ होता है तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

15. स्पाइसेस बोर्ड लिखित परीक्षा केलिए आवेदकों की लघुसूची बनाने का अधिकार रखता है।

16. जहां कहीं भी उपाधि में सी जी पी ए/ ओ जी पी ए दिए जाते हैं, उम्मीदवार को विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार अंकों का ततुल्य प्रतिशत दिखानेवाली दस्तावेज़ प्रस्तुत करनी होंगी।

17. चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

18. स्पाइसेस बोर्ड, यदि ज़रूरी है तो,इसके पश्चात् बिना कोई सूचना जारी किए या बिना कोई कारण बताए, भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/परिवर्तित/प्रतिबंधित/विस्तारित/रद्द करने का अधिकार रखता है। मैनेजमेंट का निर्णय अंतिम होगा और इस मामले में कोई अपील स्वीकार्य नहीं होगी।

19. आवेदन की प्रस्तुति आदि से संबन्धित सभी प्रश्नों/मामलों को केवल इ-मेइल: spicesboardrecruitment@gmail.com के ज़रिए सचिव, स्पाइसेस बोर्ड को भेजा जाना है।

20. वस्तुनिष्ठ परीक्षा (एम सी क्यू) केलिए पाठ्यक्रम:

| परीक्षा पाठ्यक्रम/क्षेत्र |
| --- |
| स्ट्रक्चरल केमिस्ट्री, ऑर्गैनिक केमिस्ट्री, फिसिकल केमिस्ट्री, कोडेक्स एलिमेंटारियस कम्मीशन, साइकोमेट्रिक इवैल्युवेशन आदि । |

**21.** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति उम्मीदवारों को आने-जाने केलिए सबसे छोटे रास्ते से स्लीपर क्लास रेल/बस किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति उम्मीदवारों से बैंक विवरण (बैंक का नाम, खाता संख्या एवं आई एफ़ एस कोड), जाति प्रमाणपत्र की स्कैन की हुई प्रति तथा टिकट की स्कैन की हुई प्रति सहित अपना यात्रा दावा spicesboardrecruitment@gmail.com में इ-मेइल करने का अनुरोध किया जाता है। प्रतिपूर्ति से संबन्धित इ-मेइल सचिव, स्पाइसेस बोर्ड के पते पर भेजें। इस दावे केलिए कार्यालय को हार्ड कॉपी भेजने की ज़रूरत नहीं है।

**22.** दिव्यांगवाले उम्मीदवारों की आरक्षित रिक्तियों केलिए नियमों के अधीन अनुमेय आरक्षण और अन्य ढील से फायदा उठाने केलिए वे ही उम्मीदवार पात्र होंगे जिनकी संगत अपंगता 40% से कम न हो।

-------------